पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने उप-लोकायुक्त की नियुक्ति हेतु अपनी सहमति प्रदान की
शम्भू सिंह यादव होंगे नये उप-लोकायुक्त

लखनऊः 28 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज श्री शम्भू सिंह यादव अवकाश प्राप्त प्रशासनिक अधिकारी को उ0प्र0 लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम, 1975 में उल्लिखित प्राविधानों के तहत उत्तर प्रदेश का नया उप-लोकायुक्त नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव एवं लोकायुक्त न्यायमूर्ति श्री संजय मिश्रा की परस्पर सहमति के बाद उप-लोकायुक्त नियुक्ति के संबंध में पत्रावली गत सप्ताह राज्यपाल के अनुमोदन हेतु प्रेषित की गयी थी।

अंजुम/ललित/राजभवन (264/34)